संख्या-34/2025/166/छप्पन-2025

प्रेशक,

अभिनव कुमार चौरसिया,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 24 मार्च, 2025

विषय: कै0 अरूण कुमार पायलट (फिक्स्ड विंग) को दिनांक 15 अक्टूबर 2024 से 21 अक्टूबर 2024 तक राजकीय वायुयान हॉकर एक्स0पी0 के सिमुलेटर पर मेसर्स सी0ए0ई0, दुबई से रिकरेन्ट ट्रेनिंग कराये जाने हेतु यात्रा व्यय की मद में हुए अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-347/ना0उ0नि0/लेखा/2024 दिनांक 28 जनवरी, 2025 में किए गए प्रस्ताव के सन्दर्भ में तथा शासनादेश संख्या-86/2024/1582/छप्पन-2024-56-1009-003-1-2022 दिनांक 30 सितम्बर, 2024 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में कै0 अरूण कुमार पायलट (फिक्स्ड विंग) को दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 से 21 अक्टूबर, 2024 (प्रशिक्षण अवधि के अतिरिक्त 04 यात्रा दिवस, 04 यात्रा दिवसों में 01 दिन प्रलेखन को सम्मिलित करते हुए) तक राजकीय वायुयान हॉकर एक्स0पी0 900 एक्स0पी0 के सिमुलेटर पर मेसर्स सी0ए0ई0, दुबई से रिकरेन्ट ट्रेनिंग कराये जाने हेतु विदेश यात्रा व्यय में होने वाले अनुषांगिक व्यय (वायुयान किराया, वीजा शुल्क, चिकित्सा बीमा, दैनिक भत्ता, होटल किराया, एवं यात्रा भत्ता के मद में) हेतु रू0 3,86,400/-/- (रूपए तीन लाख छियासी हजार चार सौ मात्र) को समायोजित करते हुए यात्रा व्यय में अतिरिक्त व्यय की गई धनराशि रू0 17,772/- (रूपए सत्रह हजार सात सौ बहत्तर मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-162 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जो सरकारी कर्मचारी/अधिकारी धन को आहरित करेगा, वही उसके समायोजन हेतु भी जिम्मेदार होगा तथा यदि कोई क्षति होती है, तो उसके लिये भी संबंधित सरकारी कर्मचारी/अधिकारी जिम्मेदार होगा।

(2) अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(3) पायलटों को वायुयान का किराया एवं अन्य सुविधायें अनुमन्य श्रेणी की ही स्वीकृत की जायेगी।

(4) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(5) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

(6) बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(7) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जायेगा।

(8) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।

(9) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 04 मार्च, 2024 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उपरोक्तानुसार इंगित शासनादेश संख्या-86/2024/1582/छप्पन-2024-56-1009-003-1-2022 दिनांक 30 सितम्बर, 2024 में उल्लिखित शर्ते एवं प्रतिबन्ध यथावत् लागू रहेंगे।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 17,772/- (रूपए सत्रह हजार सात सौ बहत्तर मात्र) एवं पूर्व में निर्गत धनराशि क्रमश: 19,61,841/- (रूपए उन्नीस लाख इकसठ हजार आठ सौ इकतालीस मात्र) अर्थात कुल धनराशि रू0 19,79,613/- (रूपए उन्नीस लाख उन्यासी हजार छ: सौ तेरह मात्र) के समायोजन से शासन को सूचित किया जाय।

4- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुदान संख्या 38 के अन्तर्गत राजस्व लेखा शीर्षक ''2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव।

संख्या-34/2025/166(1)/छप्पन-2025 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
2- उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ-10
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (सामान्य) अनुभाग-1/2, वित्त (लेखा) अनुभाग-1
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
6- सचिव, भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय/इकोनॉमिक अफेयर्स, मंत्रालय, नई दिल्ली।
7- सम्बन्धित पायलट।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in